अमर उजाला

# नकली आयुर्वेदिक दवाओं का जखीरा पकड़ा, तीन गिरफ्तार

मेरठ ब्यूरो
Updated Sat, 03 Apr 2021 01:28 AM IST




नकली आयुर्वेदिक दवाओं का जखीरा पकड़ा, तीन गिरफ्तार

खरखौदा। बिजली बंबा चौकी क्षेत्र में चल रही नकली आयुर्वेदिक दवा फैक्टरी का पुलिस ने बृहस्पतिवार रात भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने एक्सपायर दवा सहित नकली दवा का जखीरा बरामद करने का दावा किया है। यह कार्रवाई पुलिस, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता विभाग की टीमों ने संयुक्त रूप से की। पुलिस ने मौके से तीन आरोपियों गिरफ्तार करते हुए लाखों की कीमत की दवा व कॉस्मेटिक सामान भी बरामद किया है। सीओ किठौर बृजेश कुमार सिंह के अनुसार, बिजली बंबा चौकी क्षेत्र के लोहिया नगर में बुद्धा एंक्लेव स्थित एक मकान में काफी समय से एबीएफ एक्टिव फार्मेसी के नाम से नकली दवा बनाने की एक फर्म चल रही थी। बृहस्पतिवार को पुलिस, औषधि एवं खाद्य विभाग की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर फैक्टरी पर छापा मारा। पुलिस ने लीवर व पेट की बीमारियों में उपयोग होने वाली आयुर्वेदिक दवाओं के 106 डिब्बे, एलोवेरा, शैंपू व फेशवॉश के 42 डिब्बे सहित भारी मात्रा में खाली वायल, रैपर, खाली बोतल सहित दवा बनाने का सामान बरामद किया।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता विभाग के निरीक्षक अनिल गंगवार, विशाल सिंह, परमवीर सिंह की टीम ने दवाओं की जांच की। जिसमें कई दवा एक्सपायर मिली, लेकिन उनकी तारीख बढ़ाकर उन्हें फिर से मार्केट में उतारा जा रहा था। इन दवाओं की आपूर्ति मेरठ सहित हापुड़, बुलंदशहर, नोएडा, बिजनौर, बागपत सहित कई जिलों में दुकानों पर की जा रही थी। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता विभाग ने दवाओं के नमूने लेकर जांच के लिए लैब भेज दिए। पुलिस ने तहरीर पर मेरठ के थाना लिसाड़ी गेट क्षेत्र के श्याम नगर पिल्लोखड़ी निवासी दो सगे भाई अब्दुल वाशिद, अब्दुल समद व थाना लिसाड़ी गेट की जाकिर कॉलोनी निवासी अकरम को गिरफ्तार कर लिया।

चौकी से 100 मीटर दूरी पर थी फर्म

कॉलोनीवासियों के अनुसार, यह फर्म करीब तीन साल से चल रही थी। पुलिस चौकी से 100 मीटर की दूरी पर ही यह फर्म थी। पुलिस का यहां आना-जाना लगा रहता था। लेकिन पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। चर्चा है कि लेनदेन को लेकर मामला बिगड़ गया। जिस पर पुलिस ने छापामारी कर नकली दवाओं का जखीरा बरामद किया।

सूचना मिलते ही की कार्रवाई

नकली दवा फैक्टरी के बारे में बृहस्पतिवार को ही जानकारी मिली। पुलिस खाद्य सुरक्षा एवं औषधि सतर्कता विभाग की संयुक्त टीम ने छापेमारी की। नमूने लेकर वहां से नकली व एक्सपायर दवाओं का जखीरा बरामद किया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया है। -बृजेश कुमार सिंह, सीओ, किठौर

Source: https://www.amarujala.com/uttar-pradesh/meerut/fake-of-fake-ayurvedic-medicines-caught-three-arrested-kithor-news-mrt532739398